**1011-A** GH.(Reg.)

# B.A. (Part-I) Examination, 2019

(Three-Year Scheme)

(10+2+3)

(Faculty of Arts)

(For Regular)

## GENERAL HINDI

## (सामान्य हिन्दी)

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 100*

https://www.pdusuonline.com

**Note:** (1) No supplementary answer-book will be given to any candidate. Hence the candidates should write the answers precisely in the main answer-book only.

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर-पुस्तिका नहीं दी जायेगी। अतः परीक्षार्थियों को चाहिये कि वे मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर लिखें।

(2) All the parts of one question should be answered at one place in the answer-book. One complete question should not be answered at different places in the answer-book.

https://www.pdusuonline.com

किसी भी एक प्रश्न के अन्तर्गत पूछे गये विभिन्न प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में अलग-अलग स्थानों पर हल करने के बजाय एक ही स्थान पर हल करें।

1 निम्नलिखित पद्यावतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

(क) दीपक दीया तेल भरि, बाती दई अघट्ट।
पूरा किया बिसाहणा, बहुरि न आँवौं हट्ट।।
गुरु गोविन्द तौ एक हैं, दूजा यहु आकार।
आपा मेट जीवत मरै, तो पावै करतार।। 5

अथवा

आली! म्हांनै लागै विंद्रावन नीको।
घर-घर तुलसी-ठाकुर-पूजा, दरसण गोविन्द जी को।।
निरमल नीर बहत जमना में, भोजन दूध दही को।
रतन सिंघासण आप बिराजै, मुगर धर्यो तुलसी को।।
कुंजन कुंजन फिरत राधिका सबद सुणत तुलसी को।
मीरां के प्रभु गिरधर नागर, भजन बिना नर फीको।। 5

(ख) विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सु-मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिये
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
यह पशु-प्रवृत्ति है कि आप ही आप चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।। 5



https://www.pdusuonline.com
https://www.pdusuonline.com

अथवा

चढ़ रही थी धूप,
गर्मियों के दिन
दिया का तमतमाता रूप;
उठी झुलसाती हुई लू,
रुई ज्यों जलती हुई भू
गर्द चिनगीं छा गई,
प्रायः हुई दुपहर,
वह तोड़ती पत्थर। 5

2. निम्नलिखित गद्यावतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

(क) "कौन नहीं जानता कि समय की पावन्दी बहुत अच्छी बात है इससे आदमी के जीवन में संयम आता है, दूसरों का उस पर स्नेह होने लगता है और उसके कारोबार में उन्नति होती है लेकिन जरा सी बात पर चार पन्ने कैसे लिखें? जो बात एक वाक्य में कही जा सके, उसे चार पन्नों में लिखने की जरूरत? मैं तो इसे हिमाकत कहता हूँ। यह तो समय की किफ़ायत नहीं, बल्कि उसका दुरुपयोग है कि व्यर्थ में किसी बात को ठूंस दिया जाये, आदमी को जो कुछ कहना हो, चटपट कह दे और अपनी राह ले।" 5

अथवा

कामना करता हूँ कि परमेश्वर तुम्हें सुमति प्रदान करें। क्या तुम्हें यह भी याद दिलाना पड़ेगा कि अपने जन्म की बेला तुम उतने ही असहाय, निरीह और अशक्त थे, जितने कि अन्य शिशु होते हैं। समय पाकर ही तुम धीरे-धीरे बड़े हुए हो। जवान हुए हो। समय के साथ ही नश्वर प्राणियों की नांई तुम्हें

https://www.pdusuonline.com
https://www.pdusuonline.com

भी बुढ़ापा निर्बल निवीय और जर्जर कर देगा। अकाल मृत्यु की बात छोड़ भी दूँ, तब भी तुम्हें समझाना चाहूँगा कि मरण के चिरवरदान की वजह से ही जीवन की महिमा है। 5

(ख) शनिग्रह की सबसे आकर्षक चीज है इसके चहुँ ओर के वलय या कंकण। सबसे पहले गैलीलियो ने इसकी खोज की थी। अभी कुछ साल पहले तक शनि के तीन स्पष्ट वलय पहचाने गये थे। इनके बीच में कुछ खाली जगह थी। शनि के ये वलय इस ग्रह के विषुववृत्तिय समतल में ही परिक्रमा करते हैं। इधर के कुछ वर्षों में पायोनियर और वायजर यानों के जरिये शनि के और भी कुछ वलय खोजे गये हैं। 5

**अथवा**

अंग्रेज सात समुन्द पार से आये थे और अपने समाज के अनुभव को लेकर आए थे। वहाँ वर्गों पर टिका समाज था, जिसमें स्वामी और दास के सम्बन्ध थे। वहाँ राज्य ही फैसला करता था कि समाज का हित किसमें है। यहाँ जाति का समाज था और राजा जरुर थे पर राजा और प्रजा के सम्बन्ध अंग्रेजों के अपने अनुभवों से बिल्कुल भिन्न थे। यहाँ समाज अपना हित स्वयं तय करता था और उसे अपनी शक्ति से, अपने संयोजन से पूरा करता था। राज्य उसमें सहायक होता था। 5

3. (क) कबीर के काव्य की विशेषताएँ बताइये। 7½

**अथवा**

"सूरदास, कृष्ण भक्ति काव्य धारा के प्रमुख कवि हैं।" इस कथन को ध्यान में रखते हुए, सूरदास के काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइये। 7½

https://www.pdusuonline.com
https://www.pdusuonline.com

(ख) मैथिलीशरण गुप्त की 'मनुष्यता' कविता की मूल संवेदना प्रतिपादित कीजिए। 7½

**अथवा**

रामधारी सिंह दिनकर की काव्यगत प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 7½

4. (क) प्रेमचन्द की कहानी 'बड़े भाईसाहब' के आधार पर बड़े भाई साहब का चरित्र-चित्रण कीजिए। 7½

**अथवा**

रजिया के चरित्र में कौन-कौन सी विशेषताएँ थीं? "रजिया" नामक रेखाचित्र के आधार पर बताइये। 7½

(ख) 'शनि: सबसे सुन्दर ग्रह' निबन्ध का सारगर्भित सारांश लिखिये। 7½

**अथवा**

"आज भी खरे हैं तालाब" के आधार पर तालाबों का महत्त्व बताइये। 7½

5. (क) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिये : शब्द सीमा (300 शब्द) 8

(i) भारत में युवाओं में बढ़ता आक्रोश

(ii) कन्या भ्रूण हत्या; एक अभिशाप

(iii) आतंकवाद; समस्या एवं समाधान

(iv) पर्यावरण-प्रदूषण

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक उक्ति का पल्लवन कीजिए: 5

(i) आचरण की पवित्रता

(ii) समरथ को नहिं दोष गुसांई

(iii) मन के हारे हार है मन के जीते जीत

https://www.pdusuonline.com

https://www.pdusuonline.com

(ग) प्रस्तुत गद्यावतरण का एक-तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए, तथा उपयुक्त शीर्षक लिखिये।

आज सारे संसार में पाश्चात्य सभ्यता का बोलबाला है। इस सभ्यता का मूल है-शोषण और दोहन। विज्ञान ने शोषण और दोहन की प्रवृत्ति को हवा दी है। अतः आज का सभ्य मानव हाथ धोकर प्रकृति के पीछे पड़ गया है। उसकी दानवी भूख सारी प्रकृति को निगल जाना चाहती है। परिणाम स्वरूप पेड़ पौधों, जीव-जन्तुओं एवं पशु-पक्षियों की अनेक प्रजातियाँ एक-एक करके पृथ्वी से लुप्त होती जा रही हैं या लुप्त होने के कगार पर पहुँच गयी हैं। आज धरती पर किसी भी मूक प्राणी की खैर नहीं है। 4

अथवा

रामायण, संस्कृत-साहित्य का आदि महाकाव्य है। ऐतिहासिक काल के अरुणोदय में रचे जाने पर भी यह ग्रन्थ अनुपम और अद्वितीय है। भारतीय साहित्य के इतिहास में वह शुभ दिन स्मरणीय रहेगा जब तमसा के तट पर महर्षि वाल्मीकि के कंठ से एक करुणामयी वाग्धारा फूट पड़ी थी। इसी से द्रवित होकर ब्रह्माजी धरित्री पर अवतीर्ण हुए थे तथा महर्षि वाल्मीकि को महाकाव्य रचने का वरदान दिया था। भारतीय संस्कृति का जैसा समुज्ज्वल, सुन्दर एवं स्वाभाविक चित्र इस महाकाव्य में अंकित हुआ है वैसा संसार के किसी अन्य देश के महाकाव्य में वहाँ की संस्कृति का चित्र शायद ही उतरा हो। 4

https://www.pdusuonline.com
https://www.pdusuonline.com

(घ) (i) प्राचार्य सीकर राजकीय महाविद्यालय, सीकर की ओर से प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय दौसा के नाम एक अर्ध सरकारी पत्र लिखिए जिसमें राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतियोगियों की सूची भेजने हेतु अनुरोध किया गया है। 4

**अथवा**

जिलाधीश झुंझनू की ओर से स्वास्थ्य सचिव, राजस्थान सरकार को अपने क्षेत्र में फैली स्वाईनफ्लू बीमारी से राहत दिलवाने हेतु चिकित्सकों की एक टीम भिजवाने के लिए निर्धारित प्रारूप में एक कार्यालयी पत्र लिखिये। 4

(ii) किसी प्रेस विज्ञप्ति का प्रांरूप तैयार कीजिए। 4

**अथवा**

प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय नागौर द्वारा फर्नीचर मंगवाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को आदेश-पत्र लिखिये। 4

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखिए : 5

(i) Tender (ii) Investigation

(iii) Draft (iv) Casual

(v) Advance (vi) Document

(vii) Director (viii) Cash Payment



https://www.pdusuonline.com
https://www.pdusuonline.com

(च) निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए:

(i) परमार्थ (ii) विषाणु

(iii) चित्रावली (iv) सत्यार्थी

(v) धर्मात्मा (vi) अध्यापक

(vii) सदुपयोग (viii) तत्पर 5

(छ) निम्नलिखित में **किन्हीं दो** वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए: 5

(i) मुझे भारी दुःख हुआ।

(ii) अपराधी को रस्सी बाँध कर ले गए।

(iii) उसे भारी प्यास लगी है।

(iv) श्री कृष्ण के अनेकों नाम है।

(v) रेखा चरखा कातती है।

(ज) **किन्हीं दो** मुहावरों के मुहावरों का अर्थ बताते हुए, वाक्य में प्रयोग कीजिए: 5

(i) आकाश से बाते करना

(ii) कच्चा चिट्ठा खोलना

(iii) चलता पुर्ज़ा होना

(iv) न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी

(v) कागज काला करना

(झ) संज्ञा की परिभाषा बताते हुए, संज्ञा के भेदों के नाम उदाहरण सहित लिखिये। 5

**अथवा**

सर्वनाम किसे कहते हैं? सर्वनाम के भेद बताइये।

—x—



https://www.pdusuonline.com
https://www.pdusuonline.com